शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## वर्ष के विशेष दिवस

## 2020

काव्य मंजरी

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

शैक्षिक कविताओं का संकलन

मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

### संकलन

### काव्य मंजरी टीम मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 01

तर्ज:- तू कितनी अच्छी है

# विश्व हिन्दी दिवस

## 10 जनवरी

हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार,
और विकास करने को।
मनाया जाता है प्रतिवर्ष,
10 जनवरीको, विश्व हिन्दी दिवस।।
विश्व हिन्दी दिवस, विश्व हिन्दी दिवस..2



हिन्दी भाषा है, प्यारी लगती,
देश ही ना, विदेश में भी।
सबको अपनी लगती.....2
हो पूरी दुनिया में, भारतवर्ष को,
पहचान दिलाती है, हिन्दी भाषा।
हिन्दी भाषा, हिन्दी भाषा, हिन्दी भाषा।।

विश्व भाषा हिन्दी को बनाना,
इस दिवस को है खास मनाना।
पूरे विश्व में हिन्दी के लिए,
जागरूकता फैलाना..2
तभी होगा सार्थक, विश्व हिन्दी दिवस।
विश्व हिन्दी दिवस, विश्व हिन्दी दिवस।।


रचना- सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर


शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान






Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## राष्ट्रीय युवा दिवस 02 12 जनवरी



किसी भी देश का भविष्य,
उसके युवाओं पर है निर्भर।
भारत में हैं युवा अधिकतर,
सरकार सोचे ध्यान से इन पर।।

स्वामी विवेकानंद से पाए युवा वर्ग,
राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा भर-भर।
अत: विवेकानंद की जयंती पर,
मनाएँ राष्ट्रीय युवा दिवस भारतवर्ष।।

12 जनवरी को आता है यह पर्व,
संगठित रहे सृजनात्मक रहे।
समाज के प्रति संवेदनशील रहे,
एक रहे नेक रहे ऊर्जावान रहे युवा वर्ग।।

युवा शक्ति को प्रोत्साहन देकर,
नई उड़ान को पंख देकर।
नयी प्रतिभा को ही तराश कर,
प्रगतिशील रहे हमेशा भारतवर्ष।।

रचना-

**गुलफ्शाँ (स०अ०)**
**प्रा० वि० केवटरा बेंता**
**देवमई, फतेहपुर**

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस




## गणतंत्र दिवस- 26 जनवरी **03** तर्ज- आए हो मेरी जिंदगी में



गणतंत्र दिवस आया, खुशियाँ अनेक लाया,
देश ने हमारे... हाए
देश ने हमारे नया संविधान पाया। गणतंत्र दिवस.....
आजादी के बाद संकट था फिर छाया,
संसद ने हमारी.....हाए
संसद ने हमारी कानून था बनाया। गणतंत्र दिवस....

आजाद था भारत, फिर भी मुश्किलें थी,
कानून के बिना तो, बिखरी मंजिलें थी।
तेरह समिति, सबने मिल बनाया,
26 जनवरी 1950 आया।
संविधान लागू हुआ, फिर जश्न मनाया।। गणतंत्र.....




दो वर्ष ग्यारह माह, और अट्ठारह दिन,
बहस चली थी लम्बी, हर बात को गिन-गिन।
राजेन्द्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाया,
देश ने अपना संविधान पाया।
हम सबने खुशी से इस दिन को है मनाया।। गणतंत्र दिवस.....

रचना-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## विश्व कैंसर दिवस 04

## 04 फरवरी




बच्चों कर्क रोग को,
आज ज़रा तुम जानो।
इसकी जागरूकता है ज़रूरी,
इसका महत्त्व पहचानो।।

कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि,
कारण है इस रोग का।
तेजी से फैलता है ये,
होता कई प्रकार का।।

जटिल है उपचार इसका,
और कष्टकारी भी।
इसलिए संवेदनशील बनो,
और रोगियों का सहारा भी।।

मगर समझ लो इतना तुम,
ये नहीं है कोई संचारी रोग।
इसलिए बेझिझक हाथ बढ़ा,
करो रोगी को सहयोग।।

खुशियाँ बाँटों जीवन को,
उनके आनन्दित बनाने का प्रयास करो।
प्यार जता कर उनके भीतर,
जीवन की नव आशा भरो।।

- रचना -

श्वेता बिसारिया (स०अ०),
कंपोजिट स्कूल जैतपुर,
ब्लॉक- भगतपुर टांडा
जनपद - मुरादाबाद



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 05

**21 फरवरी** — **अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**




इक्कीस फरवरी दिवस पर,
मातृभाषा का करें गुणगान।
अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर,
बढ़ाएं भाषा का सम्मान।।



विविधता में एकता की,
जागरूकता फैलाता है।
हर वर्ष पूरे विश्व में,
त्योहार रूप में आता है।।

बांग्लादेश ने इसको,
सर्वप्रथम मनाया है।
यूनेस्को द्वारा ये दिवस,
भाषा आन्दोलन दिवस कहाया है।।



**रचना**


आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 06

## 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आया है,
भारत को जिसने चमकाया है।
स्वर्ण अक्षरों से अंकित भारत को,
दुनिया के नक्शे तक पहुँचाया है।।







सी० वी० रमन ने सबको अचरज में डाला है,
अकल्पनीय रिसर्च कर डाला है।
विज्ञान ने नई ऊँचाइयों को छुआ है,
सुन्दर भारत का सपना अपना हुआ है।।

एक से बढ़ कर एक तारें उतरे भारत के अँगना में,
बोस, चन्द्रशेखर और कलाम चमके अम्बर में।
विज्ञान ने ही इसरो का उपहार बनाया है,
आने वाली पीढ़ी का सुन्दर सपना सजाया है।।



पूरी दुनिया में रोशन हो भारत की शान,
नयी पीढ़ी तक पहुँचे नया ज्ञान विज्ञान।
आओ मिलकर करे हम सब ये मनोकामना,
स्वर्ग से भी सुन्दर भारत हो अपना।।



शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

रचना- ऊषा सुख (शिक्षामित्र)
प्रा० वि० नहटोरा
ब्लॉक- डिलारी (मुरादाबाद)



# वर्ष के विशेष दिवस



**07**

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




आठ मार्च को मनाया जाता है,
हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस।
हमारी आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक,
उपलब्धियों का होता है ये उत्सव।।

सबसे पहले यह दिन अमेरिका में,
28 फरवरी 1909 को मनाया गया।
जब पहली बार महिलाओं को,
मतदान का अधिकार दिलाया गया।।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य,
समाज मे महिलाओं को समान अधिकार है।
पुरुष प्रधान मानसिकता को बताना है,
महिलाओं का भी अपना आदर सत्कार है।।

इस बार महिला दिवस की थीम,
'ईच फॉर इक्वल' को चुना गया है।
ऐसे कार्यक्रमों के आने के बाद,
हमें पूरे विश्व में सुना गया है।।



मेरी कलम की बस इतनी सी ख्वाहिशें हैं,
खत्म हो जायें जो महिलाओं पर बंदिशें हैं।
महिलाओं की तरक्की मे पुरुष भी भागीदार बनें,
सम्पूर्ण विश्व परिवार की तरह आगे बढे।।

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
कम्पो० उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**08**

## विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च




गौरैया मुझे मेरे बचपन की याद दिलाती है,
मुझको फिर से मेरे बचपन में ले जाती है।
सुबह-सुबह जब ये आंगन में चहकती थी,
मेरी सहेली बन मेरे साथ फुदकती थी।।

भारत में इसकी पाँच प्रजातियाँ मिलती हैं,
पर शहरों में अब ये बहुत ही कम दिखती हैं।
दिल्ली ने 2012 को इसे राज्य पक्षी बनाया है,
बिहार ने भी इसे राजकीय पक्षी के रूप में अपनाया है।।

शहरीकरण ने गौरैया को पराया सा कर दिया,
पेड़ खत्म कर घौसलों को खत्म कर दिया।
प्रकृति और मानव को आपस में दूर कर दिया,
चहचहाटों के अभाव ने निराशा से मन को भर दिया।।

हमें मिलजुलकर गौरैया के अस्तित्व को बचाना है,
20 मार्च को प्रत्येक वर्ष गौरैया दिवस मनाना है।
अपने-अपने घरों की छतों पर दाना-पानी रखना है,
गौरैया को वापस अपने जीवन में फिर से लाना है।।

रचना- रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
कम्पोजिट उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें।

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## वर्ष के विशेष दिवस



09

## विश्व जल दिवस

22 मार्च

विश्व जल दिवस 22 मार्च को,
दुनियाभर में है मनाया जाता।
इसका उद्देश्य है सभी देशों में,
स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता।।



यह निर्विवाद सत्य है कि सभी,
प्राणियों की उतपत्ति जल में हुई।
वैज्ञानिक अब पृथ्वी के अलावा,
अन्य ग्रहों पर पानी की खोज में लगे कई।।

पानी के बिन जीवन न रहेगा,
"जल ही जीवन है" का अर्थ सार्थक है।
दुनिया में 99% पानी महासागरों,
नदियों, झीलों, झरनों आदि के मार्फ़त है।।

पानी की बचत आज की,
है सबसे बड़ी आवश्यकता।
पानी की यह कमी न होती,
यदि अनावश्यक उपयोग न होता।।

रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
बागपत, बागपत



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**10**

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

**7 अप्रैल**




विश्व स्वास्थ्य संगठन,
W.H.O. कहलाता है।
कहीं अगर फैले बीमारी,
मदद वहाँ पहुँचाता है।।

सन् उन्नीस सौ अड़तालीस को,
इसने मूर्तरूप पाया।
07 अप्रैल का दिन भी तब से,
स्वास्थ्य दिवस है कहलाया।।

बना इकाई राष्ट्रसंघ की,
सबके मन को भाता है।
मुख्यालय हो अगर देखना,
'जेनेवा' ले जाता है।।

193 सदस्य हैं इसके,
और सदस्य सम्बद्ध हैं 'दो'।
दिल्ली में भी मुख्यालय है,
बात ध्यान से ये सुन लो।।

07 अप्रैल को स्वास्थ्य दिवस,
हर वर्ष मनाया जाता है।
बीमारी से सदा बचो,
सबको समझाया जाता है।।

साफ- सफाई फैलाने में,
रूचि को सदा बढ़ाना है।
गंदगी है बीमारी की जड़,
ये सबको समझाना है।।

इसको रखना याद भी,
समझो तो है खेल।
दिन कोई भी हो मगर,
होगा सात अप्रैल।।




**श्रीकान्त पाण्डेय (स०अ०)**
**संविलयित विद्यालय शाहबुद्दीनपुर**
**सुरसा, हरदोई**


आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**11**

## विश्व धरोहर दिवस

**18 अप्रैल**



पूर्वज हमें दे गए जो कुछ वही धरोहर होती है,
हर धरोहर में कुछ ना कुछ बातें सुन्दर होती हैं।
18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाते हैं,
संस्कृति और सभ्यता को संरक्षण दिलवाते हैं।।

प्रत्येक वर्ष विश्व धरोहर समिति की बैठक होती है,
21 देश समिति में हैं और सब में बातें होती हैं।
इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माउण्टेन्स एण्ड साइट,
इसी संस्था ने इस दिवस की शुरूआत करवाई।।

पूरे विश्व में 1121 विश्व विरासत स्थल हैं,
कुछ पर्वत, भवन, शहर, झील और मरूस्थल हैं।
भारत में भी 38 विश्व विरासत हैं घोषित,
एक मात्र उद्देश्य हमारा है करना इनको संरक्षित।।

अजंता, एलोरा की गुफाएँ, ओड़िशा का सूर्य मंदिर,
आगरा का ताजमहल और तमिलनाडु का चोल मंदिर।
सालों- साल रहें ये सब बस ये यूनेस्को का संदेश है,
विश्व धरोहर दिवस मनाने का यही उद्देश्य है।।



**पीयूष त्रिवेदी (स०अ०)**
**संविलयित विद्यालय भैनामऊ**
**सुरसा, हरदोई**

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**12**

## विश्व पृथ्वी दिवस

## 22 अप्रैल

मत बोझ बढ़ाओ धरती पर इतना,
सह न सके वो देखो जितना।
पेड़-पौधे वनों को बचाओ,
प्रकृति का वरदान पाओ।।

पृथ्वी दिवस हम मनाएँ,
धरती को हरी-भरी बनाएँ।
घुट रहा अब सबका प्राण,
कैसे मिलेगा जीवनदान?




पृथ्वी दिवस बाइस अप्रैल,
नहीं अब मिट्टी, न दिखती खपरैल।
आधुनिकीकरण अपनाया,
धरती को हानि पहुँचाया।।

सब कुछ नि:शुल्क जिसने दिया,
बदले में कभी कुछ न लिया।
अपनी लालच में इंसान ने,
पृथ्वी का संतुलन बिगाड़ा।।

**आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)**
**प्राथमिक विद्यालय सिंकन्दरपुर**
**सुरसा, हरदोई**



शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**13**

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**1 मई**




वह मजदूर ही तो है!
जो कि बड़ी-बड़ी इमारतें बनाता है,
और स्वयं फुटपाथ पर चैन से सो जाता है,
भीख नहीं माँगता, आदत से मजबूर है।।
हाँ, वह मजदूर है।।



वह मजदूर ही तो है!
जो बड़ी-बड़ी गाड़ियां धो जाता है,
और खुद नंगे पांव आगे चला जाता है,
वह खुद के ही वजूद से दूर है।।
हाँ वह मजदूर है।।



वह मजदूर ही तो है!
जो कपड़ों के शोरूम चमकाता है,
और खुद फटे पुराने कपड़ों में मुस्कुराता है,
वह स्वाभिमान के नशे में चूर है।।
हाँ वह मजदूर है।।

वह मजदूर ही तो है!
जो सबको स्वादिष्ट भोजन परोसा है,
और स्वयं बासी रोटी खाकर ही खुश होता है,
काम में बेईमानी नहीं मंजूर है।।
हाँ वह मजदूर है, हाँ वह मजदूर है।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



Scanned with Cam



# वर्ष के विशेष दिवस



**14**

## मातृ दिवस

**मई द्वितीय रविवार**

# वह तो माँ है



अपना नीड़ सजाने हेतु,
एक-एक तिनका चुनती है।
अपने बच्चों की प्रगति के,
कितने सपने बुनती है।।
कोई और नहीं, वह तो माँ है !



सपनों को पीछे छोड़ सभी,
बच्चों की खातिर जीती है।
बच्चे ना रोएँ देख उसे,
आँखों से आँसू पीती है।।
अपने सर सबके दुख लेकर,
खुशियों की माला बुनती है।।
कोई और नहीं ,वह तो माँ है!



सींच खून से जन्मा है,
दूध से जिनको पाला है।
क्यों उसकी ही संतानों ने,
घर से उसे निकाला है।
लोरी सुन-सुन के बड़े हुए,
उन बच्चों की अब सुनती है।।
कोई और नहीं, वह तो माँ है!

माँ को सब ईश्वर कहते हैं,
चरणों को मंदिर कहते हैं।
संसार उसी से जन्मा है,
उस आँचल में सब रहते हैं।
देवकी, यशोदा, कौशल्या,
गांधारी कभी कुंती है।।
कोई और नहीं, वह तो माँ है!

रचना-
श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि०धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**15**

## विश्व रेड क्रॉस दिवस

**8 मई**

विश्व रेड क्रॉस दिवस,
8 मई को मनाया जाता।
जे.एच. ड्यूसेंट संस्थापक,
शान्ति के नोबेल विजेता।।




प्राकृतिक या मानवीय आपदा,
देश में जब आए कभी।
स्वयंसेवी संस्था है ये,
राहत देते मिलकर सभी।।



बाढ़ हो या सुनामी लहरे,
लू के थपेड़ों से नहीं डरते।
रक्तदान करने में भी ये,
विश्व में सबसे आगे रहते।।

भारत में जब हुआ गठन,
सन उन्नीस सौ बीस में।
सात सौ से भी ज्यादा शाखा,
मुख्यालय है जिनेवा में।।



रचना
नरेन्द्र कुमार वर्मा( प्र०अ०)
प्रा० वि० बझेड़ा, चंडौस,
अलीगढ़

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 16

## विश्व पर्यावरण दिवस

## 05 जून




यह धरती है माँ हमारी,
हरी-भरी ही लगती है प्यारी।
इस पर ना होने दें कोई सितम,
आओ सब मिलकर पर्यावरण बचाएँ हम।।

घर आँगन सा हम इसे सजाएँ,
सब जन सुंदर-सुंदर वृक्ष लगाए।
वृक्षों से ही मिलती प्राणवायु ऑक्सीजन,
आओ सब मिलकर पर्यावरण बचाएँ हम।।



वन वृक्षों से औषधियाँ हम पाते हैं,
ये मानसून में मेघा भी बरसाते हैं।
भूल से भी वन वृक्ष न काटे हम,
आओ सब मिलकर पर्यावरण बचाएं हम।।

सोलर से हम लाइट जलाएं,
घरेलू गैस पर हम खाना पकाएँ।
लकड़ी के चूल्हे का प्रयोग करें कम,
आओ सब मिलकर पर्यावरण बचाएं हम।।



रचना- जय प्रकाश (स०अ०)
प्रा०वि० जनमासी
सासनी, हाथरस



Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान





# वर्ष के विशेष दिवस

**17**

## विश्व रक्तदान दिवस

**14 जून**

जीवनदान प्रभु का दान है,
रक्तदान है सबसे महान।
दान रक्त का जो करते वो,
एक विधाता की पहचान।।




रक्तदान करते हैं जो,
उपकारी होते हैं वो,
जिनके दान के भाव से जिंदा,
होते दुनिया भर में लोग।

कल्याणकारी ये वरदान है,
होता नहीं कोई नुकसान है।
मानव का मानव से है नाता,
रक्तदान ही महादान है।।

करेंगे हम सभी दिल से रक्तदान,
मिलेंगी ढेरों खुशियाँ, मिलेगा सम्मान।
आओ मिलकर हम लें संकल्प,
जीवन सुरक्षा का बेहतर विकल्प।।



गरिमा वार्ष्णेय (स०अ०)
प्रा०वि० कलवारी
हाथरस, हाथरस।



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**18**

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**21 जून**

योग शब्द संस्कृति के,
"युज" शब्द से हुआ उत्पन्न।
मन, मस्तिष्क, आत्मा का,
चेतना से होता मिलन।।




शारीरिक व्याधियों से यह,
दिलाता निशदिन छुटकारा।
21 जून को योग दिवस,
मनाता है ये जग सारा।।

पतंजलि कहलाते संस्थापक,
आठ सूत्र इनके अनुसार।
यम, नियम,आसन, प्राणायाम,
ध्यान, समाधि, धारणा प्रत्याहार।।

शरीर को स्वस्थ रखना है,
तो निशदिन करना योग।
सही रहेगी दिनचर्या और,
छूने न पाए कोई रोग।।



रचना- मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान




# वर्ष के विशेष दिवस



## 19

## चन्द्रशेखर आजाद जन्म दिवस — 23 जुलाई



आजाद जी की याद में यह दिवस मानते हैं,
उनके जन्मदिन को हम 23 जुलाई को मनाते हैं।

14 वर्ष में लिया असहयोग आंदोलन में भाग,
और सेनानी बनकर किया क्रांति का आगाज।

बेंत पड़ने पर 'भारत माता की जय' चिल्लाते रहे,
और हर बेंत के साथ वह यही नारा लगाते रहे।

हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन में,
उन्होंने किया बहुत काम।
और बिस्मिल के साथ मिलकर,
काकोरी कांड को दिया अंजाम।

क्रांति की आग से स्वाधीनता की लौ जलायी,
और लोगों के हृदय में आजादी की ज्योत पहुँचाई।

उनके बलिदान से प्रेरित नौजवानों ने आंदोलन किया,
और सबने मिलकर आजादी का सपना पूरा किया।

उनका यही प्रण था, दुश्मन की गोलियाँ सहेंगे,
जीते जी आजाद रहे हैं, आजाद ही रहेंगे।

रचना
रेनू (स०अ०)
प्रा०वि० कूँड़ी
बड़ागाँव, वाराणसी



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान

# वर्ष के विशेष दिवस

## शहीद दिवस (कश्मीर) 20 13 जुलाई



बच्चों तुम भी जानो,
गाथा शहीद दिवस की।
घटना है यह बहुत पुरानी,
बात है 1931 की।

हुई उपेक्षा और शोषण,
डोगरा शासन के दौर में।
शेख अब्दुल्ला बने लीडर,
भाग लिए आंदोलन में।
श्रीनगर सेंट्रल जेल के बाहर,
तब हुई गोलाबारी ।
मारे गए इसमें कुल,
बाईस आन्दोलनकारी।

कश्मीर में इसे मनाते,
शहीद दिवस के रूप में।
जम्मू में इसे मनाते बच्चों,
काला दिवस के रूप में।


रचना
डॉ. उषा सिंह (स०अ०)
संविलियन विद्यालय भरथरा
काशी विद्यापीठ, वाराणसी





आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429


शिक्षा का उत्थान — मिशन शिक्षण संवाद — शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## विश्व जनसंख्या दिवस — 21 — 11 जुलाई




जनसंख्या संबंधित मुद्दों,
पर चेतना जगाने को।
परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य,
गरीबी दूर भगाने को।
मानव अधिकार, लिंग समानता,
जनसंख्या में कमी लाने को।

मनाया जाता है विश्व जनसंख्या दिवस।
तारीख 11 जुलाई रखना याद हर बरस।।

दिवस मनाना 11 जुलाई,
1989 को शुरुआत हुई।
यू०एन०डी०पी० परिषद द्वारा,
कार्यक्रम घोषणा की गई।

विश्व पटल पर जनमानस में,
जागरूकता फैलाने को।
मनाया जाता है, विश्व जनसंख्या दिवस।
तारीख 11 जुलाई रखना याद हर बरस।।

रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी



शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**22**

## मित्रता दिवस — 4 अगस्त




दोस्त कहें या कह लें मित्र,
मन में सुन्दर उसका चित्र।
जो साथ हमारा दे सदा,
साथ हो उसका पवित्र।।





ईमानदार और सच्चा हो,
ऐसा हो उसका चरित्र।
सही राह दिखाये जो,
करे ना कोई काम विचित्र।।

कृष्ण-सुदामा या हो अर्जुन,
साथ निभाया बड़ा पवित्र।
दोस्त बनाओ सोच समझकर,
निखारे जो तुम्हारा चरित्र।।

न मिले जब किसी का साथ,
बनाओ किताब को अपना मित्र।
सुन्दर, विनम्र, सदाचार युक्त,
बनाएगी तुम्हारा चरित्र ।।

रचना- आराधना सिंह (प्र०अ०)
अंग्रेजी माध्यम कम्पोजिट विद्यालय लोढ़वारा
चित्रकूट





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान — **मिशन शिक्षण संवाद** — शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 23

## महिला समानता दिवस — 8 अगस्त





महिला हो या हो पुरुष,
दोनों का बराबर सम्मान।
किसी जगह भी महिला का,
न करे कोई अपमान।।

महिला हो या हो पुरुष,
दोनों का बराबर सम्मान।
किसी जगह भी महिला का,
न करे कोई अपमान।।





सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक,
हर क्षेत्र में बराबर का है अधिकार।
कमजोर समझ कर महिला का,
न करे कोई भी तिरस्कार।।

महिला, पुरुष में है समानता इसलिए,
महिला समानता दिवस मनाया जाता।
छब्बीस अगस्त को महिला के,
समान अधिकारों के बारे में बताया जाता।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि ० भौंरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**24**

## अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस

## 12 अगस्त




नौजवान देश की पुकार पर चलो,
घोर अंधकार मे प्रकाश बन जलो।
कर्णधार, हे युवा! भविष्य राष्ट्र के,
मातृभूमि पर ये जान वारते चलो।।



संस्कार-सभ्यता को पोसते हुये,
जोश और जुनून की बयार बन बहो।
समाज की कुरीतियों को काटते हुये,
प्रेम भाईचारा जग मे बाटते चलो।।



माँ-पिता के मान को सिरमाथे पर धरे,
सम्मान बहन बेटियों का हृदय से करो।
राह शांति की सदा तलाशते चलो,
हठी जो शत्रु हो तो शीश काटते चलो।।

रचना- पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा०वि० संग्रामपुर
क्षेत्र व जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस




## 25

# विश्व रेबीज दिवस

## 28 सितम्बर

28 सितंबर को हम हैं मनाते,
विश्व रेबीज दिवस,
प्रसिद्ध रसायनिज्ञ लुई पाश्चर,
की पुण्यतिथि है रेबीज दिवस।।




पागल कुत्ता, चमगादड़ काटे जब हमें,
लार में होता विषाणु वायरस,
बुखार, सिर दर्द यह होवे मतली,
तब समझो शरीर में है रेबीज वायरस।।

लक्षणों के प्रकट होने के बाद,
केवल कुछ ही बचते भाग्यवश,
इनका व्यापक हुआ उपचार,
मिल्वी की प्रोटोकॉल उपचार है रेबीज वायरस।

समय पे टीके हमें है लगवाना,
बचाना है सबको रेबीज वायरस,
अमर रहे लुइ पाश्चर,
जिस ने खोजा टीका रेबीज वायरस।।



रचना-
साधना सचान (प्र०अ०)
कंपोजिट स्कूल ढोढ़ियाही
तेलियानी, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 26

# हिन्दी मेरी जुबानी

जब भी मैं मुंह खोलूँ।
बस हिन्दीभाषा ही बोलूं।
हिन्दी भाषा लगती प्यारी।
हिन्दी ही है मातृभाषा हमारी।







जब पहला शब्द था बोला।
हिन्दी में "माँ" था मैंने बोला।
जब पाठशाला की बारी आयी।
हिन्दी में ही सब शिक्षा पायी।

जैसा लिखते वैसा ही पढ़ते,
हिन्दी में ना होता झोल।
रसखान, बिहारी जैसे कवियों ने,
समझाया हिन्दी का मोल।

हर हिंदुस्तानी के दिल में बसती,
हिन्दी ही है सबकी जुबानी।
हर धर्म, जाति, मजहब को जोड़े,
हिन्दी है अति मीठी वाणी।



रचना- रीनू पाल"रूह"
प्रा.वि.दिलावलपुर
ब्लॉक-देवमई
जनपद-फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 27

## 05 सितम्बर शिक्षक दिवस




शिक्षक एक आधारशिला है,
विद्या और विद्यालय की।
जीवन ज्योति जला दी जिसने,
मानव के सुविचारों की।।

संचालित विद्यालय होते,
शिक्षक की कर्मठता से।
प्रांगण में किलकारी भरता,
बचपन पूर्ण निडरता से।।

अर्जित ज्ञान करो निष्ठा से,
गुरु की यह व्याकुलता है।
अर्जुन बनकर लक्ष्य चुनो तुम,
गुरु की यही सफलता है।।



बच्चे ही तो गुरु की गरिमा,
बच्चे ही संसार हैं।
बच्चे उसकी नेत्र की ज्योति,
बच्चे ही परिवार हैं।।




रचना- सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० काजीखेड़ा
खजुहा, फ़तेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 28

# विश्व वन्य प्राणी दिवस



**2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक,**
**सप्ताह मनाया जाता है।**
**पर्यावरणविदों, शिक्षकों, जनों द्वारा,**
**जागरूक कराया जाता है।।**

**वन्य जीवों का संरक्षण,**
**हमें करना बहुत जरुरी है।**
**दुर्लभ प्रजातियाँ संरक्षित रखना,**
**अपनी बड़ी मजबूरी है।।**

**देश की धरोहरों के रुप में,**
**वन्य जीवन को देखो।**
**परिस्थितिकीय महत्व समझ,**
**संरक्षण गतिविधियों पर नजर रखो।।**

**विलुप्त हो रही प्रजातियों को,**
**हम ऐसे ही बचा पाएँगे।**
**जागरूकता फैलाकर,**
**जीवों का शिकार बन्द कराएँगे।।**



**रचना-**
**डॉ० अनीता मुद्गल (प्र०अ०)**
**श्री श्रद्धानंद प्रा० वि० झींगुरपुरा**
**नगरक्षेत्र- मथुरा, मथुरा**





Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**29**

## अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 02 अक्टूबर

हमारे महात्मा गाँधी
सत्य अहिंसा की दुनिया में,
तुमने अलख जगाई।
सत्य की ताकत भी दुनिया को,
तुमने ही दिखलाई।।

हे शांति दूत! है नमन तुम्हें,
हम तुमको शीश नवाते हैं।
दिखलाया था जो पथ तुमने,
बस उस पर बढ़ते जाते हैं।।

भारत माता के उस सपूत को,
मिलकर शीश झुकायेंगें ।
2 अक्टूबर जन्म-दिवस पर,
हम सब उनके गुण गायेंगे।।

महान व्यक्तित्व गाँधी जी का,
सुयोग्यता दर्शाता था।
उनकी कार्यशैली, योजनाओं से,
अंग्रेजी शासन घबराता था।।




रचना-
बृजराज सारस्वत (स० अ०)
पू० मा० वि० गोपालगढ़
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा


आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## वर्ष के विशेष दिवस



30

**लालबहादुर शास्त्री जी**

**2 अक्टूबर**



साहसी, संयमी और शिष्टाचारी,
माता थी जिनकी रामदुलारी।
जीवन था सादा उच्च थे विचार,
पिता थे जिनके शारदा प्रसाद।।




ऐसे थे हमारे लाल बहादुर शास्त्री,
विचार थे सादगी भरे गाँधीवादी।
जन्मे थे वो जिला मुगलसराय,
दिन था दो अक्टूबर उन्नीस सौ चार।।

काशी में करके अच्छी पढ़ाई,
उन्होंने शास्त्री की उपाधि पाई।
बने रेलमंत्री, तो फिर गृह मंत्री,
तभी सँभाला देश बने प्रधान मंत्री।।



दिया जय-जवान, जय-किसान का नारा,
आज़ाद कराया देश भारत प्यारा।
नियति के क्रूरता से जब भारत देश रोया,
भारतमाता ने अपना बहादुर लाल खोया।।

रचना
सीतू सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० नगला पुरविया
मथुरा

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान




# वर्ष के विशेष दिवस



**31**

## 14 नवम्बर बाल दिवस



चंचल मन, उपवन की बगियाँ में,
नित बिखरे फूल सजाते हैं।
प्रतिवर्ष प्यार से नवम्बर में,
हम बच्चों का दिन ये मानते हैं।।

खेल खिलौने, लड्डू, समोसे में,
खुशियों से वो याद फिर आते हैं।
जो बच्चों की बसे जान में,
ऐसे चाचा नेहरू जी का जन्मदिन हम मनाते हैं।।

प्रथम प्रधानमंत्री भारत की सत्ता के,
उन नेहरू जी का गुणगान हम गाते हैं।
शांति, प्रेम और समृद्धि की शिक्षा में,
उनके वचन ही निभाते हैं।।

आओ इस दिन की खुशियों में,
नेहरू जी की सीख दोहराते हैं।
रहे अमन, चैन और संतोष दिलों में,
गुलाबों की खुशबू से मन, उपवन महकाते हैं।।



रचना- जीवन सिंह बिष्ट (स०अ०)
रा० प्रा० वि० बहादुरगंज
बाज़पुर (उ०सि०न०)

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 32

## विश्व टेलीविजन दिवस

**21 नवम्बर**

एक कहानी तुम्हें सुनाऊँ, अचरज की है बात।
डिब्बे के अंदर है देखा,
चित्रों की सौगात।।

राम को देखा, कृष्ण को देखा,
देखा है हनुमान।
आसमान तक जा पहुँचा, देखा चन्द्रयान।।

गाँधी की तस्वीर अनोखी, नेहरु चाचा जान।
लंदन देखा पेरिस देखा,
जा पहुँचे जापान।।



रामायण महाभारत संग, चाणक्य का ज्ञान।
भारत एक खोज निराला, बुनियाद की शान।।

कृषि दर्शन के संग रंगोली, समाचार से ज्ञान।
बीती बातें आज की घटना, सबसे हुई पहचान।।

मिला रहा सुर मेरा तुम्हारा, होंगे कामयाब।
मुंगेरीलाल के सपने हसीन, स्कूल चले जनाब।।

शिक्षा का अधिकार बताता, ज्ञान का संसार।
दूरदर्शन संग दिखे सम्पूर्ण, विश्व एक परिवार।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना-
सुषमा त्रिपाठी (स० अ०)
प्राथमिक विद्यालय रुद्रपुर
खजनी, गोरखपुर



Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



## 33

# विश्व मधुमेह दिवस

**14 नवम्बर**




खानपान और श्रम का ध्यान,
मधुमेह से लड़ना हो आसान।
रोज सुबह व्यायाम करो,
फिर थोड़ा आराम करो।।

अगर हो जाए मधुमेह तुम्हें,
भोजन का हो ध्यान तुम्हें।
ग्लूकोज हो सही सही,
तब होगा मधुमेह सही।।

जब ज्यादा मधुमेह लगे,
फिर उसको इन्सुलिन लगे।
तब होगा ग्लूकोज सही,
फिर होगा मधुमेह सही।।

भूख मिटे, आलस हो जाये,
मधुमेह से रक्तचाप बढ़ जाये।
होगी फिर कठिनाई तुम्हें,
होगा फिर हृदयघात तुम्हें।।

मधुमेह को हराना है,
जीवन स्वस्थ बनाना है।
मधुमेह दिवस चौदह नवम्बर,
इन्सुलिन की यह खोज का नम्बर।।

रचना-
रजत कमल वार्ष्णेय (स०अ०)
प्रा०वि०खंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## वर्ष के विशेष दिवस



**34**

## 07 नवम्बर

## कैंसर जागरूकता दिवस




शरीर के किसी भी हिस्से पर,
कैंसर कर सकता है वार।
कोशिकाओं की असामान्य,
वृद्धि होती है इसका सार।।

समय रहते पता चले तो,
संभव होता इसका इलाज।
अगर देर हो जाँच मे तो,
हो जाता है जीवन नाराज।।

डॉक्टर का ध्यान और प्यार चाहिए,
रोगियों को ज्ञान होना सारा चाहिए।।
वे अकेले न लडे कैंसर के रोग से,
सभी को एक-दूसरे का सहारा चाहिए।।



नियमित व्यायाम और स्वस्थ आहार,
विषम स्थिति को रोके बार-बार।
सहजता सतर्कता है जीवन आधार,
आओ मिलकर करें कैंसर मुक्त संसार।।

रचना- नीलम भास्कर (स०अ०)
कम्पो० उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**35**

# विश्व मानवाधिकार दिवस

**10 दिसम्बर**

मानव की गरिमा व अस्तित्व,
की पहचान है मानवाधिकार।
बढ़ रहे जुल्मों सितम के खिलाफ,
संघर्ष की पहचान है मानवाधिकार।।

इंसान के लिए सम्मान, प्राधिकार,
और वजूद है मानवाधिकार।
इंसान की जिंदगी में समानता का,
अधिकार है मानवाधिकार।।




भारतीय संविधान का,
आधार है मानवाधिकार।।
सामाजिक, आर्थिक और,
शिक्षा में बराबरी का योगदान है
मानवाधिकार।।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और,
पीड़ित के लिए वरदान है मानवाधिकार।
जब अत्याचार चरम पर हो,
मानव के लिए सबल राह है
मानवाधिकार।।

रचना-
सुनीता यादव (स०अ०)
कंपोजिट विद्यालय भिठिया
चिचड़ी, श्रावस्ती



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान



# वर्ष के विशेष दिवस



**36**

## विश्व यूनिसेफ दिवस

**11 दिसम्बर**

बाल उत्थान की उम्मीद के साथ,
की गई यूनिसेफ की शुरुआत।
बाल कोष स्थापित किया गया,
मुख्यालय जिसका है न्यूयार्क।

बाल अधिकारों का संरक्षण,
न हो उनका कहीं भी शोषण।
न हो बच्चों से कोई भेदभाव,
मिले सभी को समान पोषण।

बाल स्वास्थ्य, शिक्षा के कार्य,
बाल श्रम कहीं नहीं है स्वीकार्य।
हिंसा में बच्चों की रक्षा करना,
बाल जीवन की सुरक्षा करना।

unicef

मिला है इसको शांति पुरस्कार,
करता बच्चों के लिए परोपकार,
आओ हम सब मिलकर आज,
मनाए यूनिसेफ का यह वार।

रचना -
कु० मिस्बाह फारूक (स० अ०)
प्रा० वि० मोहरनिया,
गिलौला, श्रावस्ती

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान





Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## वर्ष के विशेष दिवस



37

## 25 December

## Christmas Day




A joyful day,
With a warm welcome.
All enjoy and dance,
A child to become.

Greeting each other,
To show their feelings.
Pray for the long life,
And shower their blessings.

It is he,
who fought for humanity.
Teach them a lesson,
And broke their vanity.

He will come again,
On this earth.
Fight for justice of all,
With his new birth.




Written by- Shweta (A.T.)
PS sisana no 2
Baghpat, Baghpat


आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

Scanned with Cam

# मिशन शिक्षण संवाद

## वर्ष के विशेष दिवस

### रचनाकारों की सूची

01 सुमन पांडे, फ़तेहपुर
02 गुलफ्शां, फ़तेहपुर
03 सुधांशु श्रीवास्तव, फ़तेहपुर
04 आस्था शर्मा, मुरादाबाद
05 आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
06 ऊषा सुख, मुरादाबाद
07 ज्योति सागर, बागपत
08 रीना कुमारी, बागपत
09 जितेन्द्र कुमार, बागपत
10 श्रीकांत पाण्डेय, हरदोई
11 पीयूष त्रिवेदी, हरदोई
12 आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
13 हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
14 पूनम गुप्ता, अलीगढ़
15 नरेंद्र कुमार, अलीगढ़
16 जय प्रकाश, हाथरस
17 गरिमा वार्ष्णेय, हाथरस
18 मन्जू शर्मा, हाथरस
19 रेनू, बनारस
20 डॉ उषा सिंह, बनारस
21 अरविन्द कुमार सिंह, बनारस
22 आराधना सिंह, चित्रकूट
23 शहनाज़ बानो, चित्रकूट
24 पुष्पा पटेल, चित्रकूट
25 साधना सचान, फ़तेहपुर
26 रीनू पाल, फ़तेहपुर
27 सीमा मिश्रा, फ़तेहपुर
28 डॉ०अनीता मुद्गल, मथुरा
29 बृज राज सारस्वत, मथुरा
30 सीतू सिंह, मथुरा
31 जीवन सिंह, बाजपुर
32 सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
33 रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
34 नीलम भास्कर, बागपत
35 सुनीता यादव, श्रावस्ती
36 कु० मिस्बाह, श्रावस्ती
37 श्वेता, बागपत

***तकनीकी सहयोग***
1 नाज़िया परवीन, मुरादाबाद
2 नमिता राजपूत, मुरादाबाद
मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Can